|| बनोगे राधा तो यह जानोगे कि कैसा प्यार है मेरा भजन ||

Chalisamantras.com

ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
बनोगे राधा तो यह जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा ।

बनोगे राधा तो यह जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा ।
बनोगे राधा तो यह जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा ।
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे ।

क्या होती प्रतीक्षा है,
क्या पीड़ा होती है,
कितना जलता है दिल,
कब आँखे रोती है ।
बहेंगे आँसू, बहेंगे आँसू,
तब यह जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा,
कि कैसा प्यार है मेरा ।
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे ।

जब कोई सुनेगा ना,
तेरे मन के दुखड़े,
जब ताने सुन सुन के,
होंगे दिल के टुकड़े ।
सुनोगे ताने तब यह जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा,
कि कैसा प्यार है मेरा ।

Chalisamantras.com

ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे ।

पनघट पे मधुबन में,
वो इंतजार करना,
ऐ श्याम तेरी खातिर,
वो घुट घुट के मरना ।
करोगे इंतजार जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा,
कि कैसा प्यार है मेरा ।
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे ।

क्या जानोगे मोहन,
तुम प्रेम की भाषा,
क्या होती है आशा,
क्या होती निराशा ।
करोगे प्रेम तो खुद ये जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा,
कि कैसा प्यार है मेरा ।
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे ।

अब एक तमन्ना है,
अगर फिर से जनम मिले,
मै श्याम बनु तेरा,
तू राधा बन के जिये ।
बनोगे राधा तो यह जानोगे,
कि कैसा प्यार है मेरा ।
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे,
ओ साँवरे ओ साँवरे ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com